सफलता की प्राप्ति के पीछे मजबूत मन व आत्म बल होता है उसी प्रकार राष्ट्र के निर्माण के विकास कार्य में अहम व महत्वपूर्ण योगदान इन्जीनियर्स का होता है। देश के महान इंजीनियर और भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर अभियंता दिवस मनाया जाता है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की स्थानीय शाखा विश्व सद्भावना भवन में आज अभियंता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व जी.एम. बाल्को संयंत्र कमल कर्माकर, एम.डी. डॉ.के.सी. देबनाथ, रिटायर्ड इंजीनियर अनंगपाल पाण्डे, श्यामा प्रसाद मुखर्जी संयंत्र के इन्जीनियर के.वी.एस.एन. प्रसाद तथा संस्था प्रभारी बी.के. रूक्मणी साथ ही सेराजेम के इंजीनियर प्रेम सारथी, पी.एच.ई विभाग के गोविंद केंवट और अजय जयसवाल जी उपस्थित थे। श्रद्धासुमन व दीप प्रज्वलित कर उनको याद किया गया। इस अवसर पर पूर्व जी.एम. बाल्को संयंत्र कमल कर्माकर ने कहा कि इंजीनियरिंग की डिग्री मात्र लेने से इंजीयिर नही बनते जब वो प्रैक्टिकल में आते है तब सही मायने में इंजीनियर कहलाते है। उन्होने कहा कि किसी भी चीज के निर्माण में तीन चीजो का होना अति आवश्यक है। मैन,मशीन और मेथड यानि विधि तो ही हम सफलता के शिखर तक पहुंच पायेंगे। डॉ.के.सी. देबनाथ ने कहा कि हेल्थ चेकअप के लिए भी हमें मशीन की आवश्यकता पड़ती है अगर इंजीनियर ही न होते तो यह सब मशीन कहां से आते। उन्होने कहा कि यह शरीर भी एक मशीन है जो स्वतः ही निरंतर कार्य करता रहता है। के.वी.एस.एन प्रसाद ने कहा कि सबसे ज्यादा इंजीनियर भारत में होते है और इंजीनियर ज्यादातर आध्यात्मिक संस्थानो के लिए कार्य करते हुए देखे जाते है। ऐसा इसलिए है क्योकि उनमें एक खोज की प्रवृत्ति होती है, फिर वो चाहे भौतिक चाहे आध्यात्मिक जगत के लिए हो। उन्होने कहा कि भारत के इंजीनियरो ने ही विश्व को संभाला हुआ है चाहे वो नासा, इसरो, गुगल, माइक्रोसॉफ्ट हो सबके सी.ई.ओ भारत के ही है। संस्था प्रभारी बी.के. रूक्मणी ने कहा कि परमात्मा इस भारत को बहुत सुंदर स्वर्ग बनाने का गुप्त कार्य कर रहे है। तो परमापिता परमात्मा इंजीनियर का उन्होने दिल से धन्यवाद किया। कार्यक्रम में रिटायर्ड इंजीनियर अनंगपाल पाण्डे, सेराजेम के इंजीनियर प्रेम सारथी, पी.एच.ई विभाग के गोविंद केंवट और अजय जयसवाल जी ने भी अपने उद्बोधन समक्ष रख भाव व्यक्त किये। अतिथियों को श्री फल वा साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। वही दुसरी ओर एनटीपीसी जमनीपाली ट्रेनिंग सेंटर के प्रदीप रंजन भट्टाचार्य ने कर्मचारी विकास केंद्र एनटीपीसी ट्रेनिंग सेंटर में ब्रह्माकुमारी बहनो को वर्क लाइफ एक्सीलेंस इन एटीटयुड चारदिवसीय कार्यक्रम में आमंत्रित किया था। संस्था की ओर से बी.के. विद्या दीदी, बी.के. भारती, बी.के. मेघा, बी.के. स्मृति बहन द्वारा यह ट्रेनिंग कराया गया था। इसी बीच अभियंता दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर जुनियर ऑफिसर के.के. सिंह, जयप्रकाश जी तथा अर्चना जी विशेष रूप से उपस्थित थी। काफी संख्या में लोगो ने कार्यक्रम का लाभ लिया।